**खबर संक्षेप**

## पुलिस ने बाईक चोर गिरोह का किया पर्दाफाश



**बुढ़ार।** थाना क्षेत्र अंतर्गत 08 जुलाई को कस्बा भ्रमण के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि कई दिनों से हो रही मोटर साईकल चोरी का संदिग्ध आरोपी चमन उर्फ मनोज साहू पिता ललन साहू उम्र 23 साल निवासी पुरानी बस्ती बुढार जैतपुर चौराहा पर किसी का इंतजार कर रहा था, जो कि पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया, जिसे घेराबंदी कर पड़ा गया एवं पूंछताछ करने पर बताया कि आरोपी द्वारा अपने दोस्त आरोपी अरविंद उर्फ बेटू बरगाही पिता कमल सिंह बरगाही उम्र 32 साल निवासी पुरानी बस्ती से गिरफ्तार किया गया एवं दोनो से पूंछताछ करने पर बताया कि उसके दो अन्य दोस्तो के द्वारा नशा करने के उद्देश्य से मोटर सायकल चोरी करते हैं। पुलिस ने 04 नग मोटर सायकल, आरोपी चमन उर्फ मनोज साहू पिता ललन साहू उम्र 23 साल , अरविंद उर्फ बेटू बरगाही पिता कमल सिंह बरगाही उम्र 32 साल निवासी पुरानी बस्ती, बुढ़ार को गिरफ्तार किया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी संजय जायसवाल के निर्देशन में सहायक उपनिरीक्षक गिरीश शुक्ला, आरक्षक अक्षय, शिशिर सिंह, महिला आरक्षक सविता सिंह के सहयोग से उक्त वाहन जप्त किये गये व आरोपी को माननीय न्यायालय पेश किया जाकर जेल दाखिल कराया गया ।

## आबकारी विभाग ने किया पिपरिया में पौध रोपण



**शहडोल।** जिला आबकारी विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के द्वारा ग्राम पिपरिया में संरक्षित जगह पर 100 पौधों का पौधरोपण कार्यक्रम किया गया, उक्त कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों के सहयोग से गड्ढे बनवाए गए तथा 100 फलदार पौधों को रोपण किया गया, ग्रामीणों ने पौधों को सुरक्षित करने के लिए आश्वासन दिया, उक्त कार्यक्रम के दौरान जिला आबकारी अधिकारी सतीश कश्यप, जिला आबकारी निरीक्षक मृत्युंजय सिंह, गजेंद्र सिंह विद्युत मंडल एसडीओ बिरसिंहपुर पाली, मनोज सिंह असि. ट्रेजरी ऑफिसर शहडोल तथा ग्रामीणों के सहयोग से 100 पौधों को रोपित किया गया, बच्चों ने भी विशेष सहयोग दिया साथ ही कार्यक्रम के दौरान आबकारी विभाग के कर्मचारी सहीस सिंह धुर्वे, ओम तिवारी, अन्नू सिंह ने भी अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया, उक्त कार्यक्रम दौरान समाजसेवी प्रकाश राव ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कर वृक्षारोपण के कार्यक्रम में सहभागिता निभाई।

## दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का हुआ समापन



**शहडोल।** पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन हुआ, कार्यशाला के द्वितीय दिवस के प्रथम सत्र पर रसायन शास्त्र विषय वस्तु पर विचार विमर्श किया गया, भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित नवीन विषय वस्तु को स्नातक पाठ्यक्रम में समाहित करने के लिए सुझाव दिए गए, भोजनावकाश के उपरांत पाठ्यक्रम में संरचनात्मक स्वरूप एवं भारतीय ज्ञान परंपरा की गौरवशाली विरासत को भली-भांति संप्रेषित करने के लिए विशिष्ट और नई शिक्षण पद्धतियों पर भी विचार किया गया तथा यह निर्णय लिया गया कि प्राप्त सुझावों को समेकित कर केंद्रीय अध्ययन मंडल को प्रेषित किया जाएगा। कार्यशाला आयोजन का प्रमुख प्रयोजन यह है कि ईसा से हजारों वर्ष पूर्व भारत के विविध रसायनों एवं रासायनिक अभिक्रियाओं के अध्ययन की विषय परंपरा को विस्तारित व प्रचारित करना निवर्तमान पाठ्यक्रम को वैदिक ज्ञान एवं विषयों मनुष्यों के अनुसंधानों के संदर्भ में अद्यतन करने के साथ आधुनिक भारत के रसायन विज्ञानं संबंधी शोध को भारत के गौरव शाली अतीत के साथ आगे बढाना है।

# अवैध कॉलोनी निर्माण का कलेक्टर ने खोला बस्ता

## दर्जनों भूमियां, दर्जनों धंधेबाज पर्दे से बाहर निकले

**शहडोल।**

वर्षों की सुस्ती के बाद अवैध कालोनी निर्माण के मामले में जिला प्रशासन चैतन्य हुआ है और उसने कार्रवाई का निर्णय लेते हुए नगरीय सीमा क्षेत्र की उन सभी जमीनों की टोह ली है जो माफियाओं की भेंट चढ़ चुकी हैं। जिन पर या तो निर्माण हो गया अथवा निर्माण की तैयारियां चल रहीं हैं। कलेक्टर के एक फैसले के बाद भू माफियाओं और गैरलायसेंसी कालोनाइजरों की बत्ती गुल हो गई है। कलेक्टर ने जांच कराने के बाद सूची तैयार कराई है और संबंधित लोगों के नाम नोटिस जारी की है। इस संबंध में अगर जवाब संतोषप्रद नहीं हुआ तो दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी और भूमि शासन के खाते में दर्ज कर दी जाएगी।

### इस तरह का हुआ आदेश

कलेक्टर तरुण भटनागर ने आदेश जारी कर कहा है कि अवैध कालोनियों की जांच हेतु जांच दल गठित किया गया है। साथ ही संबंधित राजस्व निरीक्षक के प्रतिवेदन के आधार पर प्रथम दृष्ट्या मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 339-क से 339-छ तथा मध्यप्रदेश नगरपालिका (कालौनी विकास) नियम, 2021 के भाग-3 नियम-22 का स्पष्ट रूप से उल्लंघन पाया गया है। अवैध कालोनी निर्मित करने वाले संबंधित व्यक्ति को नोटिस जारी की गई है।

### नोटिस का मांगा जवाब

कलेक्टर की नोटिस में इस आशय का जवाब चाहा गया है कि उनके अवैध निर्माण कृत्य के लिये भूमि को शासन के अधिकार में लेते हुये मध्यप्रदेश नगरपालिका (कालोनी विकास) नियम, 2021 एवं नवीन संशोधन दिनांक 25 मई 2023 के नियम 23 एवं 24 एवं नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 339-ग में विहित प्रावधानों के तहत दण्डात्मक कार्यवाही क्यों न की जाये? ज्ञातव्य है कि नोटिस का यदि समाधानकारक और संतोषप्रद जवाब नहीं मिला तो निश्चित ही निर्धारित कार्रवाई की जाएगी। ज्ञातव्य है कि मौका मुआयना के पश्चात आरआई व पटवारी ने स्पष्ट रूप से नियमविरुद्ध निर्माण की जानकारी दी है। देखना यह है कि जवाब क्या दिया जाता है।

### यहां की भूमियां, यह आए लपेटे में

जारी आदेश में क्षेत्रवार और खसरा क्रमांक सहित जानकारियां दी गईं हैं। शहडोल के अंदर मतनी टोला,



सौखी मोहल्ला, भुईबांध, नरसरहा की दर्जनों भूमियां जुज रकबों और बटांकन के साथ अवैध निर्माण में उपयोग में लाई गईं हैं। कारोबारियो में बलजीत कौर, गौरव नायक, शाहिदा बानो वगैरह, रामविशाल, सुनील कुमार अंगवानी, चतुर्भुज चावड़ा वगैरह, सुनील गुप्ता वगैरह, पुष्पा देवी, कल्लीबाई, महमूद अहमद, बाबू एजाज उर्फ यार मोहम्मद, बाबूलाल, पवन मिश्रा, शशिकला सिंह, अभिषेक मिश्रा, राकेश शुक्ला, रत्तीराम केंवट, ब्रजेन्द्र कुमार, यादवेन्द्र सिंह, छत्रपाल सिंह, तीरथ प्रसाद, रामचरण सिंह, भगवान सिंह, मोहम्मद आबिद के व्दारा अवैध कालोनी का निर्माण किया गया है।

### यह है शासन के प्रावधान

भूमि में अवैधानिक तरीके से कालोनी का निर्माण होने से मध्यप्रदेश नगरपालिका (कालोनी विकास) नियम, 2021 एवं नवीन संशोधन दिनांक 25.05.2023 के नियम-23 एवं 24 एवं नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 339-ग के तहत कार्यवाही / दण्डात्मक कार्यवाही किये जाने का प्रावधान है। जिसके परिपेक्ष्य में संबंधितों को नोटिस जारी कर जवाब चाहा गया है। साथ ही प्रकरण के अंतिम निराकरण अथवा आगामी आदेश पर्यंत प्रभावित भूमियों के समस्त बटांकनों के क्रय-विक्रय को प्रतिबंधित किया गया है तथा जिला पंजीयक को निर्देश जारी किये गये हैं कि उक्त भूमियों के पंजीयन के पूर्व विक्रेता एवं क्रेता से संबंधित नगरपालिका परिषद / नगर परिषद से अनिवार्य रूप से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त करें।

### कई अभी भी रडार से बाहर

संभागीय मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायतों में अवैध प्लाटिंग का खेल किसी से छुपा नहीं है, कलेक्टर द्वारा की गई कार्यवाही की चहू ओर प्रशंसा हो रही है, लेकिन एक तबका ऐसा है कि उनका कहना है कि अभी भी कई ऐसे भू-माफिया हैं, जो रडार के बाहर है, पोंगरी पंचायत में चल रहे अवैध प्लाटिंग के कारोबार में सिंघानिया बंधु, पंचगांव रोड में तिवारी बाबा कालोनी बसाने वाले कथित पासी, रीवा रोड में अमृता हॉस्पिटल के पहले अवैध कालोनी बसाने वाले कथित बबुआ एवं गोहपारू क्षेत्र में वर्तमान सहित पूर्व में हुई प्लाटिंग के पीछे जुड़े भू-माफिया सहित जयसिंहनगर क्षेत्र के खुशवाह में भी अवैध प्लाटिंग की गई है। अगर मुखिया एक बार इन पर भी नजर डाले तो, कई बड़े भू-माफिया प्रशासन के सामने घुटने टेके नजर आयेंगे।

# 70 साल की वृद्धा से दुष्कर्म के बाद हत्या

## जेवरात व नगदी लूट कर फरार हुआ था आरोपी



**शहडोल।**

जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां जादू टोना के संदेह में बदला लेने के लिए पड़ोस के गांव में रहने वाली एक 70 वर्षीय वृद्धा के साथ दुराचार कर गला दबाकर उसकी हत्या कर जेवरात व नगदी लेकर कर फरार हो गया था, साथ ही पत्नी व उसके प्रेमी सहित 4 लोगो की और हत्या करने की प्लान बनाया था , जिसे केशवाही पुलिस ने गिरफ्तार कर लूट की सामग्री भी जप्त कर ली है।

### यह है मामला

बुढार थाना क्षेत्रांतर्गत केशवाही चौकी के ग्राम ढोलकू निवासी कमल बैगा किसी काम के ग्राम बलबहरा होकर जा रहा था, बलबहरा सडक़ के किनारे खेत में जमीन में बैठी 70 वर्षीय वृद्धा कुछ काम कर रही थी, इसी दौरान वहां से गुजर रहे कमल के पैर में अचानक दर्द उठा तो, उसे संदेह हुआ कि उसी महिला ने उसके ऊपर जादू टोना किया है, जिससे उसके पेट में दर्द उठा, इसी बात का बदला लेने के लिए 28 जून को कमल ने वृद्ध महिला के घर आकर पहले उसके साथ मारपीट किया, जब वह बेहोश हो गई तो , बेहोशी के हालत में महिला के साथ दुष्कर्म कर महिला के जेवरात एवं नगदी लेकर महिला का शव बलबहरा मे पापन साहू के खेत फेंक कर फरार हो गया, आरोपी को केशवाही पुलिस ने गिरफ्तार कर लूट के जेवरात व नगदी जप्त कर लिया है। वहीं पुलिस पूछताछ में चौकाने वाला मामला सामने आया है, आरोपी वृद्ध महिला की हत्या के बाद अपनी पत्नी व उसके प्रेमी सहित 4 और लोगो की हत्या करने का प्लान बनाया था , पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया है।

# अनसुलझे सवाल पीछे छोड़ निक्की ने छोड़ी दुनिया

### मेरा मार्केट में कोई उधार नहीं है, मेरा मोबाइल चेक किया जाये

**बुढ़ार।**

नगर के प्रतिष्ठित कारोबारियों में शुमार विपिन सिंघानिया ने 53 साल की उम्र में फांसी के फंदे पर झूलकर अपनी जान दे दी। निक्की उर्फ विपिन के परिवार की गिनती बुढ़ार के नामी-गिरामी लोगों में होती थी, शहर के सबसे पुराने बाजार मेन रोड में निक्की की गद्दी थी, यहीं से उनका कारोबार चलता था, निक्की की असमय मौत ने पूरे शहर को स्तबद्ध कर दिया। सूचना मिलने पर बुढ़ार थाना प्रभारी संजय जायसवाल मौके पर पहुंचे और शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की गई और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस कहना है कि निक्की के द्वारा छोड़े गये सुसाइड नोट, सेलफोन तथा उसके खातों की जायेगी, इन सबके साथ पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ जाने के बाद जांच को गति मिलेगी।



### लगभग साफ मिला सेल फोन

पुलिस सूत्रों का कहना है कि सुसाइड के पहले निक्की ने एक नोट छोड़ा था, जिसमें उसने लिखा था कि मेरा मार्केट में कोई उधार नहीं है, मेरा मोबाइल चेक किया जाये। पुलिस ने सुसाइड नोट और मोबाइल आदि जब्त कर लिये हैं। यह जानकारी आई कि मोबाइल से लगभग डाटा डिलीट कर दिया गया था, फोन-पे के कुछ पेमेंट के स्क्रीन शॉट पुलिस को जरूर मिले हैं। जिन्हें पुलिस ने जांच में ले लिया है।

### हनी ट्रैप की आशंका

निक्की की मौत के मामले में पुलिस अभी कुछ भी कहने की स्थिति में नहीं है, वहीं नगर में यह चर्चा चरम पर है कि निक्की को ब्लैकमेल किया जा रहा था, जिस कारण वह काफी परेशान था, ब्लैकमेलिंग के कारणों को लेकर भी हनीट्रैप या अंजान लेडीकॉल को लेकर भी चर्चा है, लेकिन स्पष्ट तौर पर अभी कुछ नहीं कहा जा सकता। हालाकि बीते कुछ महीनों से अज्ञात युवतियों द्वारा सेलफोन पर संभ्रांतजनों को बहलाने-फुसलाने और बहकाने के बाद उन्हें ब्लैकमेल करने के कई मामले आये हैं, इस मामले में पुलिस ने बताया कि आने वाले दिनों में सायबर, फारेंसिक और अन्य जांच रिपोर्ट के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पायेगी।

# मैदानी क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य विभाग की अच्छी टीम तैयार: कलेक्टर

### मृदा परीक्षण हेतु किसानों को दी जा रही समझाईस- कलेक्टर

### संपूर्णता अभियान के तहत आकांक्षी विकास खंड कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**शहडोल।** कलेक्टर तरुण भटनागर ने कहा कि जिले में संपूर्णता अभियान अंतर्गत आकांक्षी विकासखंड गोहपारू के लिए जो लक्ष्य दिए गए हैं, उन लक्ष्यों को पूरा करने की आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। इस आकांक्षी विकासखंड के अंतर्गत आने वाले विभागों को लक्ष्य दिए गए है एवं लक्ष्य प्राप्त करने हेतु निर्देशित भी किया गया है। कलेक्टर श्री भटनागर ने कहा कि आकांक्षी विकासखंड गोहपारु में स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग के मैदानी कर्मचारियों द्वारा डोर टू डोर जाकर गर्भवती महिलाओं का पंजीयन किया जा रहा है एवं उनके स्वास्थ्य के लिए विशेष सलाह भी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाओं को पूरक पोषण आहार भी उपलब्ध कराया जाता है। कलेक्टर तरूण भटनागर आज शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गोहपारू में संपूर्णता अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर तरूण भटनागर ने कहा कि शहडोल जिले में कृषि विभाग द्वारा मृदा परीक्षण का कार्य भी किया जा रहा है। कृषि विभाग द्वारा किसानों को मृदा परीक्षण कराने की समझाईस दी जा रही है। किसानों को मृदा परीक्षण से मिलने वाले लाभों से भी अवगत कराया जा रहा है साथ ही किसानों को मृदा परीक्षण के महत्व को भी बताया जा रहा है। किसानों को बताया जा रहा है कि मृदा परीक्षण से अपने खेत की मिट्टी में पोषक तत्वों की कमी की जानकारी मिलती है जिससे हम अपने खेतों में उचित रूप से पोषक तत्वों की पूर्ति करने के लिए खाद्य का उपयोग कर पोषक तत्वों की कमी को दूर कर सकते हैं। कलेक्टर श्री भटनागर ने कहा कि हमारे जिले में मैदानी क्षेत्र में भी स्वास्थ्य विभाग की एक अच्छी टीम तैयार की गई है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम के पास है बीपी एवं शुगर चेक करने की मशीनें भी उपलब्ध है जो डोर टू डोर जाकर बीपी एवं शुगर चेक करते हैं एवं आवश्यकता अनुसार दवाइयां भी उपलब्ध कराते हैं। इसके साथ ही कलेक्टर ने आकांक्षी विकासखंड गोहपारू को विकसित बनाने हेतु दिए गए लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारत सरकार के नीति आयोग के सदस्य सुहैल खान ने कहा कि गर्भवती महिलाओं का ध्यान रखना बहुत आवश्यक होता है। गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य के साथ-साथ उनके खान-पान में भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की टीम एवं महिला बाल विकास की टीम अपने संबंधित मैदानी क्षेत्रों में गर्भवती महिलाओं का पंजीयन करें एवं उनके स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त करते रहें इसके साथ ही समय-समय पर उनके टीकाकरण का भी ध्यान रखें एवं समय में टीकाकरण करवाएं। इस दौरान कलेक्टर श्री भटनागर एवं नीति आयोग के सदस्य सुहैल खान ने कार्यक्रम में लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। प्रदर्शनी में विभिन्न प्रकार के बनाए गए व्यंजनों का स्वाद भी चखा एवं काफी सराहना भी की।

# 10 किलो गांजा के साथ 4 आरोपी चढ़े पुलिस हत्थे

**मानपुर।**

थाना क्षेत्र अंतर्गत अवैध गांजा की खेप पकड़ी गई है, लग्जरी वाहन में लाई जा रही गांजा की खेप को मुखबिर से सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी सुभाष दुबे व उनकी टीम ने उड़ीसा से छत्तीसगढ़ ,शहडोल के रास्ते मानपुर की तरफ आ रहे वाहन क्रमांक एमपी 20 सी डी 1381 को जनाढ़ नदी ग्राम बिजौरी के पास रोका गया, जिसमे गाड़ी चालक सहित 3 लोग और मौजूद थे, गाड़ी व मौजूद लोगो की तलाशी ली गई , तलाशी उपरांत वाहन से 2 पैकेट गांजे के गाड़ी की सीट के नीचे मिले, जिसके बारे में कड़ाई से पूछने पर आरोपियों द्वारा गांजा होना बताया गया, जिसे आरोपियों द्वारा उड़ीसा से लाना बताता गया, पुलिस द्वारा नए कानून के तहत जब्ती की कार्यवाही की गई,



पुलिस द्वारा मौका पंचनामा कर 10 किलो अवैध गांजा सहित एक लग्जरी कार और 4 आरोपियों में सुखेंद्र पटेल पिता ब्रजेंद्र पटेल उम्र 24 वर्ष, विपरेंद्र पटेल पिता श्री राम कमल पटेल उम्र 22 वर्ष, अंकित पटेल पिता रघुनाथ पटेल उम्र 23 वर्ष, अभयराज पिता कमलाकांत पटेल उम्र 23 वर्ष सभी निवासी कठार को मानपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सुभाष दुबे , उप निरीक्षक राजेंद्र यादव , सहायक उप निरीक्षक शेख शाहिद, सहायक उप निरीक्षक राम सेवक पटेल, प्रधान आरक्षक श्री प्रकाश शुक्ला, मिथलेश पटेल, दादूराम यादव की भूमिका रही।

# वृक्ष हैं धरती की शान, एक पेड़ मां के नाम

## धरा को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने जिले में किया जा रहा सामूहिक प्रयास

**शहडोल।**

वृक्ष हैं धरती की शान एक पेड़ मां के नाम अभियान भी देश में पर्यावरण संरक्षण के साथ मां की सेवा के पवित्र भाव को मजबूती प्रदान करेगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश ने 5.50 करोड़ पौधरोपण का संकल्प साकार करने का बीड़ा उठाया है। शहडोल जिले में कलेक्टर श्री तरूण भटनगार के मार्गदर्शन एवं निर्देषन में चलाए जा रहे एक पेड़ माँ के नाम अभियान में लगातार पौधे रोपित किए जा रहे हैं।



एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत प्रदेश भर में पौधारोपण का कार्य किया जा रहा है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, जनमानस सहित जिले के अन्य लोगों द्वारा अपनी जिम्मेदारी और कर्तव्य समझकर उत्साह व उमंग के साथ पौधारोपण कर सहभागिता निभा रहे है। इसी कड़ी में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जिला परिवहन कार्यालय , जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जिला शिक्षा अधिकारी फूलसिंह मरपाची व स्टाफ, कार्यालय संयुक्त सहकारिता शहडोल, जनपद पंचायत बुढार के ग्राम पंचायत बिरोडी सहित जिले के अन्य स्थानों पर जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी व लोगों ने पर्यावरण के संरक्षण के लिए पौधरोपण किया तथा पेड़ को बचाने का संकल्प भी लिया। गौरतलब है कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत जिले में 15 जुलाई तक लगभग 23 लाख 49 हजार पौधे रोपित किये जाएगें।

# कार्यालय निर्धारित समय पर खुले अन्यथा होगी कार्यवाही: कलेक्टर

### अनुपस्थित अधिकारियों को नोटिस जारी करने कलेक्टर ने दिए निर्देश

**शहडोल।**

कलेक्टर तरूण भटनागर की उपस्थिति में कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासकीय कार्यालय प्रातः 10 बजे से सांय 6 बजे तक खुले रहें। उन्होंने कहा कि शासकीय कार्यालय समय पर न खुलने की शिकायत मिलने पर संबंधित विभागाप्रमुख के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि कार्यालय प्रातः 10 बजे खुले और अधिकारी, कर्मचारी समय पर पहुंचना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में कलेक्टर ने बीआरसी सोहागपुर समय पर न खुलेने की शिकायत मिलने पर डीपीसी को सख्त निर्देश दिए कि सभी बीआरसी समय पर खुले यह सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती ममता मिश्रा को बिना सूचना के बैठक में अनुपस्थित होने एवं नगर परिषद कार्यालय ब्यौहारी के इंद्रवेश यादव को सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की जानकारी न होने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में डी-ग्रेड में आने वाले विभागों को 10 जुलाई तक ग्रेडिंग में सुधार करने के निर्देश देते हुए कहा कि आगामी 10 जुलाई तक ग्रेडिंग में सुधार कराए अन्यथा आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने सीमाकंन, नामांतरण व राजस्व के अन्य प्रकरणों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान राजस्व प्रकरणों का निराकरण संतोषजनक न होने पर अनुविभागीय अधिकारियों एवं तहसीलदारों के विरूद्व कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा निर्देश दिए कि राजस्व प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता के साथ कराएं।

कलेक्टर ने शिक्षा विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, जल संसाधन विभाग,नगरीय निकाय, चिकित्सा विभाग, सामाजिक न्याय विभाग सहित अन्य विभागों में सीएम हेल्पलाइन, लोकायुक्त, गौशाला, न्यायालय के प्रकरण व जन आकांक्षा पोर्टल में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की तथा निर्देश दिए कि सभी विभागीय अधिकारी सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का निराकरण कराकर ग्रेंडिंग सुधार करें।

### साहब...सरवारी पंचायत में जिम्मेदारों ने रचा इतिहास

# शौचालय के सामने पंचायत के जिम्मेदारों ने बनाई बाउण्ड्री

***पार्ट-1, पार्ट-2 में उलझा रहे उपयंत्री मामला***

**जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते स्वच्छ भारत मिशन का मकसद पूरा नहीं हो पा रहा है। ग्रामीण बाहर शौच जाने को मजबूर हैं, सरवारी पंचायत में सामुदायिक शौचालय के सामने बाउण्ड्रीवाल का निर्माण पंचायत के जिम्मेदारों ने कर दिया, इसके बाद उपयंत्री ने बाउण्ड्रीवाल का मूल्यांकन भी कर दिया, इससे स्पष्ट होता है कि योजनाओं से किसे कितना सरोकार है।**

शहडोल





जिले के जनपद पंचायत जयसिंहनगर की ग्राम पंचायत सरवारी में जिम्मेदारों ने इतिहास रच दिया है, पूरे प्रदेश में सामुदायिक शौचालय सडक़ के किनारे आमलोगों की पहुंच को देखते हुए बनाया गया है, लेकिन ग्राम पंचायत सरवारी के जिम्मेदारों ने उक्त शौचालय को बाउण्ड्रीवाल के अंदर कैद कर लिया है, स्थल चयन को लेकर की गई लापरवाही के फेर में सामुदायिक शौचालय औचित्यहीन नजर आने लगा है, ग्राम पंचायत के अंदर बने उक्त शौचालय को लेकर यह भी कहा जा रहा है कि उक्त शौचालय को इस स्थल के अलावा कहीं और बनाया जाता तो, इसका उपयोग होता, लेकिन पंचायत के जिम्मेदारों ने सबकुछ अपने हिसाब से कर डाला।

### यह है मामला

ग्राम पंचायत सरवारी में सामुदायिक शौचालय का बीते वर्षो में निर्माण किया गया, हालाकि यह आज तक चालू नहीं हो सका, दिखावे के लिए सामुदायिक शौचालय का निर्माण कर दिया गया, इससे एक कदम बढक़र पंचायत के जिम्मेदारों ने सामुदायिक शौचालय के सामने बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कर दिया, जिससे यह पंचायत के अंदर कैद हो गया, मजे की बात तो यह है कि उपयंत्री ने बाउण्ड्रीवाल इतनी तेजी से बनवाया कि चार लोगों ने ही पंचायत की बाउण्ड्री बनाकर राशि अपने खाते में ले ली, वहीं दूसरी पंचायत के लोगों का कहना है कि ऐसे कुशल मजदूरों को जिले के बड़े-बड़े निर्माण कार्य में काम देना चाहिए, जब चार लोग मिलकर इतनी बड़ी बाउण्ड्री चंद दिनों में बना सकते हैं तो, बड़े-बड़े निर्माण में इनकी उपयोगिता कितनी होगी।

### फर्जी मजदूरी भुगतान

ग्राम पंचायत सरवारी के सचिव की माने तो, जिन लोगों को भुगतान हुआ है, उन्होंने पंचायत की बाउण्ड्रीवाल निर्माण में काम नहीं किया है, ऑफ रिकार्ड ठेकेदारी करने वाले कमलेश ने पूरा खेल रचा है, जिन लोगों को भुगतान हुए है कि अगर जांच हुई तो, बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आयेगा, पंचायत सचिव, सरपंच ने मिलकर जमकर बाउण्ड्रीवाल निर्माण में फर्जी भुगतान किया है, बाउण्ड्रीवाल निर्माण की जल्दबाजी इतनी थी कि सामुदायिक शौचालय तक को कैद कर सरवारी का नाम इतिहास के पन्नो में दर्ज करवा लिया।

### पार्ट-1, पार्ट-2 का खेल

ग्राम पंचायत सरवारी में बाउण्ड्रीवाल निर्माण की देख-रेख की जिम्मेदारी शुरूआत के दिनों में मनोज शुक्ला नामक बहुचर्चित इंजीनियर के हाथों में थी, उनका कहना है कि पार्ट-1 मेरे कार्यकाल में बना है, सामुदायिक शौचालय के सामने बनी बाउण्ड्रीवाल वर्तमान उपयंत्री की देख-रेख में बनी है, वहीं सचिव दीनबंधु प्रजापति ने श्री शुक्ला के झूठ से पर्दा उठाते हुए बताया कि सामुदायिक शौचालय के सामने बनी बाउण्ड्री श्री शुक्ला के कार्यकाल में बनी है, उन्होंने ही मूल्यांकन किया है, उपयंत्री अधिकारियों सहित सभी को गुमराह करने के लिए यह बताते घूम रहे हैं कि पार्ट-1 मेरे कार्यकाल का है, पार्ट-2 वर्तमान उपयंत्री के कार्यकाल का है।

### पुराना है भ्रष्टाचार से नाता

उपयंत्री मनोज शुक्ला के द्वारा सोहागपुर एवं बुढ़ार जनपद में अपनी पदस्थापना के दौरान बड़े-बड़े कीर्तिमान रचे हैं, अपनी पत्नी श्रीमती सुनीता शुक्ला के नाम पर पटेल नगर पुराना वार्ड नंबर 12 स्थित ड्रीम हाऊस नाम की दुकान के बिल पंचायतों में खुलकर अपनी पदस्थापना के दौरान पंचायतों में लगवाये, मनोज शुक्ला की पहुंच और पकड़ का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मामला सामने आने के बाद जांच हुई तो, इन सबके पीछे के सूत्रधार उपयंत्री मनोज शुक्ला पर कार्यवाही हुई भी तो सिर्फ इतनी कि उन्हें सोहागपुर से बुढ़ार भेज दिया गया, लेकिन इन्होंने कार्यवाही के बाद दोबारा बुढ़ार जनपद की पंचायतों में बिल लगाये, लेकिन जिला सहित जनपद में सेटिंग में माहिर मनोज ने बुढ़ार से अपना तबादला जयसिंहनगर करवा लिया। अगर इनके कार्यकाल की जांच निष्पक्ष रूप से की जाये तो, पंचायत-पंचायत, भ्रष्टाचार-भ्रष्टाचार अलग हो सकता है।

### खास लोगों के खाते में पैसा

निर्माण कार्य में बहुत मजदूर लगे थे, उन्हें पंच-सरपंच ने पहले ही भुगतान कर दिया था, सप्ताह में मजदूर पैसा लेती है, कुछ लोग एडवांस भी पैसा लेते हैं, अगर मजदूरों के खाते में राशि डाली जाती तो, वह वापस नहीं करते, इसलिए पंच-सरपंच ने अपने खास लोगों के खाते में पैसा डलवाया है, रही बात सामुदायिक शौचालय के सामने बनी बाउण्ड्रीवॉल की तो, साहब ने कहा है कि 3 फिट तोडक़र रास्ता बना दो, ऊपर से अधिकारी बार-बार कहते हैं कि जांच टीम आने वाली है, मनोज शुक्ला उपयंत्री ने मूल्यांकन कर दिया है।

# जनपद बनी भ्रष्टाचार का अखाड़ा

## *बिना पैसे के नहीं होता हितग्राहियों का काम*



**मानपुर।** प्रदेश की संवेदनशील सरकार और सरकार के मुखिया डॉक्टर मोहन यादव द्वारा आम जनता के कल्याण और उत्थान के लिए सरकारी योजनाओं के माध्यम से आम जनता को लाभान्वित किया जा रहा है, सरकार की योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन प्रशासकीय विभाग और सरकारी अमला करता है। मानपुर जनपद पंचायत में गांव के लगभग हितग्राही परेशान हो रहे हैं ,योजनाओं के का लाभ लेने के लिए जनपद के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा आम जनता से पैसों की मांग की जाती है।

सरकार की योजनाओं का जनपद मानपुर के पंचायतो में अनवरत दुरुपयोग हो रहा है, मानपुर जनपद सीईओ और एपीओ के नेतृत्व में पूरे जनपद क्षेत्र में भ्रष्टाचार की बयार बह रही है। रोजगार गारंटी के काम हो या पंचायत में चल रहे निर्माण कार्य हो सभी में बंदर बांट की जा रही है, पंचायत के सचिव और रोजगार सहायकों के डीएससी के माध्यम से निकलने वाले पैसे हो या रोजगार गारंटी के काम हो सभी में 7 से 10 परसेंट तक की मांग की जाती है।

जल संवर्धन के काम हो या वर्तमान में एक पेड़ मां के नाम हो सामुदायिक भवन सीसी रोड स्टाफ डैम निर्माण कोई भी काम ऐसा नहीं है , जो शासन की मंशा अनुरूप आम जनता के हितों के अनुरूप और गुणवत्ता के मापदंड को पूर्ण करता हो। एपीओ लगातार पंचायत में जाकर वसूली का काम करते हैं, सचिव और जीआरएस को डरा धमका कर रखते हैं। इस संबंध में भाजपा जिला अध्यक्ष दिलीप पांडे से बात की गई तो, उन्होंने इस बात को जिले के कलेक्टर और संबंधित विभाग से बातचीत कर जनता की समस्या का समाधान किया जाएगा। साथ ही जिलाध्यक्ष ने कहा कि आम जनता और गरीब कल्याण के लिए प्रदेश की सरकार कृत संकल्पित है और संवेदनशील मुख्यमंत्री आम जनता से जुडक़र सीधे जनता के हितों की रक्षा करते हुए उन्हें डायरेक्ट बेनिफिट प्रदान कर रहे हैं , किंतु सरकार की योजनाओं में कोई भी अधिकारी कर्मचारी कोताहि बरतेगा उसके खिलाप उचित कार्रवाई की जाएगी।

### घर बैठे ई-रजिस्ट्री, नामांतरण सब होगा ऑन लाईन

# खत्म होगी पटवारी की भूमिका

**मानपुर।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देश पर राजस्व मंत्रालय द्वारा जनता की सुविधा के लिए एक नया सॉफ्टवेयर तैयार किया जा रहा है। इस सॉफ्टवेयर की मदद से दस्तावेजों का ऑनलाइन पोर्टल पर ही पंजीयन किया जा सकेगा, वहीं नामांतरण भी इसी से लिंक से होगा। आरसीएमएस पोर्टल पर तहसील के सभी राजस्व मामलों को अपलोड किया गया है। इस सुविधा के बाद अब पटवारी की भूमिका खत्म हो जाएगी। जल्द ही तहसील से जुड़े मामलों में आवेदन और शिकायत की सुविधा भी मोबाइल एप और ऑनलाइन पोर्टल पर मिलेगी। नगर तथा ग्राम निवेश में किसी भी जमीन का ले-आउट मंजूर कराने की प्रक्रिया भी आसान हो जाएगी। नई व्यवस्था के तहत ई-पंजीयन से ई-वेरिफिकेशन कर लिया जाएगा। ऑनलाइन नामांतरण, खसरा के क्रय-विक्रय से संबंधित नामांतरणों के प्रकरणों का यहीं से निराकरण तय किया गया है। साइबर तहसील को संपदा, भूलेख पोर्टल, राजस्व प्रकरण प्रबंधन पोर्टल से जोड़ा गया है।

# वार्ड 9 में बारिश होने से आवागमन अवरुद्ध



**मानपुर।** नगर परिषद अंतर्गत वार्ड क्रमांक 9 में थोड़ी सी बारिश होने से आवागमन अवरुद्ध हो जाता है, जोकि लल्लू भाईजान के घर के बगल से रोड निर्माण करा दिया जाए तो, शायद कुछ समस्या हल हो जाएगी। वहीं बरसात के मौसम में कई घर बने हुए है, लेकिन नगर परिषद के द्वारा आज तक न तो निरीक्षण किया गया, न हीं पानी निकासी की कोई व्यवस्था की गई, स्कूल चालू हो गये है और छोटे-छोटे बच्चों का आवागवन बना रहता है, जिन्हें आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जल का इतना भराव हो जाता है कि किसी को पता नहीं की नीचे कितना गड्ढा है , अगर आने-जाने में किसी को कुछ हो गया, तो इसका जिम्मेदार कौन होगा । इतना जल भराव होता है कि पानी निकालने के लिए कहीं से कोई रास्ता नहीं और कभी भी कोई बड़ी अनहोनी हो सकती है।कुछ दिन पहले सीसी रोड का निर्माण किया गया था, उस वक्त अगर पुलिया बनवाकर पानी निकासी कर दिया जाता तो, शायद इतना जल भराव नहीं होता और लोग आराम से आ-जा सकते थे। ग्रामीणों ने मांग की है कि अविलंब पानी निकासी की व्यवस्था की जाए या फिर रोड निर्माण करा दिया जाए, जिससे किसी प्रकार को असुविधा का सामना ना करना पड़े और आने जाने वाले लोगों को किसी प्रकार की दिक्कतों का सामना न करना पड़े । समस्या को देखते हुए पार्षद को खुद कोई ना कोई विकल्प निकालना चाहिए, लेकिन उनका तो इस तरफ कोई ध्यान ही नहीं है।

## पंचायतों की बैठक में सरपंच पति के भाग लेने पर प्रतिबंध के संबंध में निर्देश

**उमरिया।** त्रि-स्तरीय पंचायत राज व्यवस्था को सशक्त बनाने और पंचायतों में महिलाओं के अधिक प्रतिनिधित्व के उद्देश्य से जिला जनपद और ग्राम पंचायतों में महिलाओं के लिये 50 प्रतिशत पद आरक्षित किये गये है। त्रि-स्तरीय पंचायतों में निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों के सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास में उनकी भूमिका को मजबूत बनाने के उद्देश्य से यह आवश्यक है कि ग्राम सभाओं की बैठकों में महिला सरपंचों / पंचो की सक्रिय भागीदारी हो। महिला आरक्षित पदो पर निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों के एवज में ग्राम पंचायत और ग्राम सभा की बैठकों का संचालन उनके पुरूष (पति एवं अन्य परिजनों) द्वारा किया जाना वर्जित है यदि कोई सरपंच पति या पंच पति महिला सरपंच एवं पंच के स्थान पर ग्रामसभा की बैठको में भाग लेता पाया जाता है तो संबंधित महिला सरपंच / पंच के विरूद्ध पद से विधिवत हटाए जाने की कार्यवाही प्रारंभ करें। निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश अवर सचिव मध्यप्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग व्दा,रा दिए गए है ।

## नही रहीं कामरेड एच महादेवन की पत्नी आर राजेश्वरी



**जमुना/बदरा।** एटक के राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष कामरेड एच महादेवन की पत्नी कामरेड आर राजेश्वरी का 5 जुलाई 2024 को रात्रि 9.30 बजे निधन हो गया। वे बीईएल की कर्मचारी थी और ट्रेड यूनियन की नेत्री थी उनके निधन से न केवल कामरेड एच महादेवन या उनके बच्चों को बल्कि समुचे एटक को आघात लगा है।ज्ञात हो कि कामरेड एच महादेवन को एक सफल ट्रेड यूनियन नेता बनाने एवं बच्चों को योग्य बनाने में कामरेड आर राजेश्वरी का बहुत बड़ा योगदान है। एटक के राष्ट्रीय महासचिव कामरेड अमरजीत कौर ने शोक संदेश कामरेड एच महादेवन को भेजकर गहरा दुख व्यक्त किया है। कामरेड हरिद्वार सिंह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एटक ने भी शोक संदेश कामरेड एच महादेवन को भेजकर मध्य प्रदेश एवं एसईसीएल एटक की ओर से गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोक संदेश भेजा है समुचे देश के एटक परिवार में गहरा शोक है।

## पौधा रोपित करने के साथ ही उसकी सुरक्षा का संकल्प लें: कलेक्टर



**उमरिया।** प्रदेश शासन के आव्हान पर 6 जुलाई से एक पेड मां के नाम अभियान के तहत वृहद स्तर पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है । पौधरोपण के साथ उसकी सुरक्षा का भी संकल्प लें , ताकि पौधे जीवित अवस्था में रहे। उक्त आशय के विचार कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने जिला होमगार्ड कमांडेंट ग्राउण्ड में एक पेड मां के नाम अभियान के तहत आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। श्री जैन ने कहा कि पौधे को लगाने के बाद उसकी नियमित देखभाल करें। यही पौध जब बडे होकर विशाल वृक्ष का रूप लेगे तो मानव के साथ -साथ पशु पक्षियों को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने ने कहा कि पेड़ों की कटाई के कारण आज पर्यावरण संतुलन पूरी तरह से गड़बड़ा गया है। जिससे ग्लोबल वार्मिंग की समस्या खड़ी हो गई है। इस समस्या से निपटने के लिए पौधरोपण कर पर्यावरण का संतुलन बनाया जा सकता है। कलेक्टर ने जिले वासियों अपील करते हुए कहा कि पौधारोपण करने के पश्चात वायुदूत ऐप पर आवश्यक रूप से अपलोड करें। पौधरोपण कार्यक्रम के पूर्व कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने जिला होमगार्ड कमांडेंट कार्यालय में आपदा के दौरान उपयोग होने वाली बचाव सामग्री का अवालोकन भी किया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने कहा कि एक पेड मां के नाम अभियान के तहत कार्यक्रम 15 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा। अभियान के तहत 7 जुलाई तक लगभग 68 हजार पौधों का रोपण नगरीय निकायो, ग्रामीण क्षेत्रों में किया जा चुका है । उन्होाने कहा कि पौधारोपण करने के बाद फोटो वायुदूत एप में आवश्यिक रूप से अपलोड की जाए ।

# जमुना में इंटक की बैठक संपन्न, अन्य यूनियन छोड़कर कईयों ने ली इंटक की सदस्यता



**जमुना/बदरा।** एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र में कार्यरत श्रमिक संगठन इंटक यूनियन की आवश्यक बैठक 7 जुलाई को जमुना के क्षेत्रीय कार्यालय में संपन्न हुआ, जिसमें आगामी 16, 17 व 20 जुलाई को होने वाले मेंबरशिप वेरीफिकेशन के संदर्भ में चर्चा की गई एवं सदस्यता बढ़ाने के लिए सभी की राय जानी गई और सदस्यता बढ़ाने पर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान विशेष रूप से रमेश कुमार कुशवाहा, हीरा कांत मिश्रा, मनोज मिश्रा, संजय कुमार पटेल, राम किशोर, राम नरेश सिंह, मोहम्मद इसरार, राजेश कुमार सोनकर, अनुसुईया, राम सिंह, करण लाल, बी सिंह, भूपेंद्र सिंह, श्याम लाल, सोनू, राम विलास पटेल, राजेंद्र प्रसाद तिवारी आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

### इन्होने ली इंटक की सदस्यता

बैठक के दौरान सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि इंटक यूनियन में अन्य यूनियन को छोड़कर लोगों ने सदस्यता ग्रहण की जिससे इंटक का जनाधार बढ़ा है। सदस्यता ग्रहण करने वालों में करण लाल, श्याम लाल पटेल, बी सिंह, रामविलास पटेल, अनुसुइया पटेल, मोहन पाव, रामसनेही चौधरी, मोहम्मद सगीर अंसारी, बबन सिंह, राजेश पटेल, नंदलाल पटेल, रामनाथ पुरी, संतोष, राजू आदि कई लोग शामिल हैं जिन्हें इंटरक की सदस्यता दिलाई गई और फूल माला मिष्ठान खिलाकर यूनियन में स्वागत किया गया। इन लोगों के इंटक में शामिल होने से इंटक का जनाधार क्षेत्र में काफी बढ़ गया है और श्रमिक उत्साहित हैं।

# गाजे बाजे के साथ निकली प्रभु जगन्नाथ की रथ यात्रा

**कोतमा।** भगवान जगन्नाथ की यात्रा सोमवार को नगर में धूमधाम के साथ निकाली गई। भगवान के स्वागत के लिए नगर में जगह-जगह आरती उतार कर स्वागत किया गया, वहीं कई स्थानों पर प्रसाद का भी आयोजन किया गया। शाम को निकाली गई। यात्रा के दौरान सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु भगवान की यात्रा में शामिल हुए। मंदिर में भगवान का अभिषेक व विधि विधान से पूजा अर्चन कर आरती की गई। पंचायती मंदिर में भगवान जगन्नाथ स्वामी का श्रृंगार करने के बाद कढ़ी, चावल व मेवा का विशेष भोग लगाया गया। वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ रथ में भगवान विराजमान हुए। भगवान जगन्नाथ स्वामी के साथ भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा भी विराजमान हुई। सैकड़ो की संख्या में भक्त पहुंचकर दर्शन लाभ लिए व प्रसाद ग्रहण किया। राम मंदिर से रथ यात्रा शाम 4:30 बजे निकाली गई। इस दौरान महिला, पुरुष व बच्चों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए जो भक्ति भाव से रथ को आगे खींचते हुए बढ़ा रहे थे। स्टेशन चौक से गांधी चौक होते हुए नगर के प्रमुख मार्गो पर रथ यात्रा निकाली गई। रथ यात्रा का जगह-जगह जोरदार स्वागत किया गया। पूरे यात्रा के दौरान जगह जगह पुष्प वर्षा होती रही एवं गाजे बाजे के साथ भजन कीर्तन चलता रहा।

### एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत किया गया पौधरोपण



**जमुना/बदरा।** 7 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु शुरू किए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विकासखंड अनूपपुर सेक्टर क्रमांक 4 जमुना कॉलरी में जन अभियान परिषद के नेतृत्व में नवांकुर संस्था पसान द्वारा पौधा रोपण किया गया, जिसमे नवांकुर संस्था पसान की सचिव श्रीमती अन्नपूर्णा देवी, समिति सदस्य उमादेवी, परामर्शदाता श्रीमती शिवानी सिंह, सीएमसीएलडीपी छात्र शुभांशी, सना खान के सहयोग से फलदार और औषधीय पौधे का रोपण कर संरक्षण करने का संकल्प लिया गया।

## आपसी मारपीट का मामला दर्ज

**कोतमा।** थाना अंतर्गत लोढी गांव में रहने वाले रामेश्वर यादव 27 वर्ष ने रास्ते में रोक कर राजमणि यादव एवं शारदा यादव के खिलाफ रास्ता रोकते हुए गाली गलौज कर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी को लेकर मामला दर्ज कराया है। फरियादी की शिकायत एवं मेडिकल उपरांत पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

## 40 दिन उपवास रखकर भगवान झूलेलाल की आराधना में लीन

***40 दिनों तक प्रज्जवलित रहेगी अखण्ड ज्योति***



**जैतहरी।** विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान श्री झूलेलाल चालीसा महोत्सव 16 जुलाई से 24 अगस्त तक सिंधी समाज द्वारा बड़े ही भक्तिभाव के साथ मनाया जायेगा। सिन्धु नवयुवक मण्डल जैतहरी के सदस्य अमित कुमार आहूजा ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि इस 40 दिवसीय चालीसा महोत्सव का भव्य शुभारंभ दिनांक 16 जुलाई 2024 को सुबह 7.30 बजे पूज्य श्री बहराणे साहिब की पूजा व इष्टदेव भगवान श्री झूलेलाल जी की अखण्ड ज्योति प्रज्वलित करने के साथ साथ व्रतधारियों के संकल्प बंधन से 40 दिवसीय चालीसा महोत्सव के व्रतो की शुरूआत होगी। श्री आहूजा ने बताया कि दसवी शताब्दी में सिंध प्रांत में मिर्ख बादशाह के अत्याचारो से निजात पाने के लिये सिन्धी हिन्दू लोगों ने 40 दिनों तक सिंधु नदी के तट पर जल देवता की स्तुति की थी तभी से भगवान झूलेलाल चालीसा महोत्सव मनाया जाता है। इस अवसर पर जैतहरी में राजाराम आहूजा के निवास पर सुबह 7.30 बजे से 8.30 बजे तक एवं सायकाल भी 7.30 बजे से 8.30 बजे तक गीत-संगीत, पल्लव, प्रार्थना ,पूजा-अर्चना व अखो पल्लव, आरती, अरदास, भजन कीर्तन व इत्यादि आयोजन होंगे।

# अमरकंटक से बाबा बैजनाथ धाम तक 1150 किमी की पदयात्रा करेंगे



**अनूपपुर।** शहडोल संभाग एवं अनूपपुर जिले के पूर्व पत्रकार एवं प्रसिद्ध पदयात्री मन्नूलाल सेन अपनी अगली पद यात्रा की घोषणा कर दी है। वह अमरकंटक माँ नर्मदा के उद्गम स्थल से देवघर बाबा बैजनाथ धाम तक 1150 किलोमीटर तक 29 जुलाई से अपनी यात्रा प्रारंभ करेंगे। उक्ताशय की जानकारी देते हुए मन्नूलाल सेन ने बताया कि आज तक उन्होने जो भी निश्चय किया है वह पूरा किया है। इसी क्रम में उन्होने अपने निश्चय के मुताबिक 51 वी बार अनूपपुर से अमरकंटक, अमरकंटक से नर्मदा परिक्रमा लगभग 3200 किमी. एवं हाल ही में आयोध्या धाम में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए 680 किमी की पदयात्रा पूरी कर चुके हैं। उन्होने बताया कि इस यात्रा की एक विशेषता यह है कि बाबा वैद्यनाथ का जलाभिषेक नर्मदा जल से होगा, इसके पूर्व अधिकतर गंगा जल से बाबा का जलाभिषेक होता आया है।

## खबर संक्षेप

### 11000 वोल्टेज की हाईटेंशन पोल ग्रामीणों के लिए बड़ी टेंशन



**ब्योहारी।** ब्योहारी से लगा ग्राम पंचायत खुटेहरा वार्ड नं 04 में उपस्थित है। ग्रामीणों का कहना है कि इस गांव में हाईटेंशन वाले बिजली के दो पोल खंबे कई सालों से लटके हुए हैंकी दोनो पोल कभी भी गिर सकते हैं। इसकी जानकारी व शिकायत कई महीनों से दे रहे हैं जबकि इसकी जानकारी बिजली विभाग में भी दी गई है लेकिन बिजली विभाग के कर्मचारी इस समस्या का कोई समाधान नहीं कर रहे हैं। सबसे बड़ी बात तो यह है कि इस मोहल्ले में 11 हजार बोल्ट के बिजली का पोल बड़ी दुर्घटना को दावत दे रहा है। हल्की तेज हवा पोल को गिरा सकती हैं, अगर समय रहते इसे ठीक नही किया गाय तो बड़ी अनहोनी हो सकती हैं। इसकी शिकायत ग्रामीणों ने कई बार बिजली विभाग में की है, लेकिन फिर भी बिजली विभाग इस समस्या का समाधान नहीं कर रहा है, शासन और प्रशासन द्वारा इस समस्या को तत्काल जांच कर संज्ञान में लिया जाए।

### उद्योग विभाग की जिला स्तरीय सहायता समिति की बैठक संपन्न

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में उद्योग विभाग की जिला स्तरीय सहायता समिति की बैठक संपन्न हुई । बैठक मे उद्योग विभाग व्दारा विभिन्न स्वरोजगार मूलक योजनाओं से संबंधित प्रकरण जिनके संचालन में कठिनाई आ रही है के संबंध में चर्चा की गई तथा उनके निराकरण के संबंध में विचार विमर्श किया गया । आपने बताया कि जिला उद्योग केंद्र व्दारा स्वीकृत 6 प्रकरणों में संचालन में आ रही समस्याओ के निराकरण में आ रही समस्याओं के संबंध में कलेक्टर व्दारा निर्देश दिए गए ।

### एक पेड मां के नाम पौधरोपण का कार्य तीन दिवस में करें पूराः कलेक्टर

**उमरिया।** भारत सरकार द्वारा एक पेड मां के नाम अभियान के तहत उमरिया जिले में 13 लाख पौध रोपित करने का लक्ष्य दिया गया है । लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी विभागों को जिला प्रशासन व्दारा लक्ष्य आवंटित किए गए है । सभी विभाग लक्ष्य के अनुरूप तीन दिवस के भीतर पौध रोपण की कार्यवाही पूरा करें तथा जिन स्थानों में पौध रोपित किए गए है , उस स्थल की सहित जानकारी सीईओ जिला पंचायत को प्रेषित करें । यह निर्देश देते हुए कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि जिले में जिन स्थानों पर पौध रोपण किया जा रहा है तथा जिन लोगों व्दारा पौधरोपण किया जा रहा है उसकी सेल्फी लेकर अंकुर एप में अपलोड करें , जिससे काम के साथ ही जिले की प्रगति भी परिलक्षित हो सके ।

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना के तहत सामूहिक सम्मेलन करकेली मे आज

**उमरिया।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना के तहत सामूहिक सम्मेलन जनपद पंचायत प्रांगण करकेली में पूर्व सांसद शहडोल संसदीय क्षेत्र श्री ज्ञान सिंह के मुख्य आतिथ्य में 9 जुलाई को आयोजित किया गया है । कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक बांधवगढ शिवनारायण सिंह, अध्यक्ष जनपद पंचायत करकेली प्रियंका मून सिंह करेगे । विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष अनुजा पटेल, उपाध्यक्ष ओम नारायण सिंह, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत करकेली पूनम साहू मैक्स , सदस्य उपस्थित रहेगे ।

### समय सीमा की बैठक संपन्न

**उमरिया।** समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में संपन्न हुई । बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन की कोई भी शिकायते अन अटेण्डेंट नही रहे अन्यथा संबंधित एल-1 अधिकारी तथा जिला प्रमुख अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी ।

# तेज बारिश के चलते बह गया पुल, आवागमन में हो सकता है बड़ा हादसा

**ब्योहारी।** जिले के ब्योहारी से होते हुऐ कल्हारी, खुटेहरा जो पपोंध कियोर जाने वाली मुख्य मार्ग में बना पुल बारिश में बह गई। लगातार हो रही बारिश से मौसम भले ही खुशनुमा हो गया लेकिन बारिश ने ग्रामीण क्षेत्र से आवा गवान के लिए बनी मुस्कील, गुजरने वाली मुख्य मार्ग में इस पुल पर कभी भी किसी समय हो सकता है हादसा। पीडब्लूडी के उच्च अधिकारियों के मन मानी से ग्रामीण क्षेत्र के लोग परेशान, बड़ा सवाल यह है की उस रास्ते से गुजरने वाले राहगीरों को जान जोखिम में डाल कर पार करना पड़ेगा। अब जैसे आज भी देखा जा रहा है की बनी पुल के निचले हिस्से के मिट्ठी बह गई जबकि इस जगह पर पुल न बनाए जाने के कारण अब जनता को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। अगर इसी जगह में नाबिनी पुल बनाई गई होती तो आज यह संकट का सामना न करना पड़ता। अब यह चुनौती का विषय बना हुआ है कि इस रास्ते से कई विद्यालय के बच्चे व छात्र , छात्राएं पढ़ाई करने के लिए जाते हैं, जबकि यह हाइवे सड़क ब्योहारी से कटनी को जोड़ने का काम चल रहा है लेकिन कई महीनों से चल रहे कार्य परंतु अभी तक पुरा नही हो पाया और कई जगह सड़क में चिकनी मिट्ठी डाल देने से राहगीरों को हो रही है समस्या यह नहीं सवाल भी है कि जब पी डब्लू डी के उच्च अधिकारियों के मिली भगत से ठेकेदार सड़क के कार्यशैली पर बुलंद नजर आ रहे हैं जबकि तेज बारिश के चलते बह गया पुल आवागमन प्रभावित है। शासन व प्रशासन द्वारा ध्वस्त हुई पुल की तत्काल जांच कर कार्रवाई की जाये।



## जनपद के दंडी में रोपे जायेंगे 25000 पौधे

### तैयारियों में जुटा प्रशासन



**ब्यौहारी।** मप्र के मुख्यमंत्री के निर्देश पर पूरे प्रदेश में 5 कडोर पोंधे रोपे जा रहे है शासन द्वारा एक पेंड मां के नाम पर #plant for mother के नाम पर अभियान भी चलाया जा रहा है इसी क्रम में ब्यौहारी जनपद का पौधरोपण कार्यक्रम जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत रसपुर के दंडी नामक स्थान में जो की जंगल से लगा हुआ है वहां 100 एकड़ की खाली पड़ी भूमि में 25000 पौधे लगाने की है , जिसकी तैयारी जोरों से की जा रही है। जनपद द्वारा सभी पंचायतों से मजदूर लगाने के निर्देश दिए पौधों को नुकसान न पहुंचे इसके लिए बकायदा फेंसिंग कराई जा रही है तैयारियों को परखने एस डी एम नरेंद्र सिंह धुर्वे, रोहित सिंह परिहार तहसीलदार, सनी द्विवेदी नायब तहसीलदार दंडी पहुंचे और तैयारियों का जायजा लिया। यहां कलेक्टर द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया जायेगा क ई ग्राम पंचायत के सचिवों ने दंडी में मजदूर एवं संसाधन उपलब्ध करायें हैं । ग्राम पंचायत के जी आर एस रामानंद पटेल ने बताया की अन्य पंचायतों से भी मजदूर, एवं अन्य सहयोग दिये जा रहे हैं आज कार्य में शंभू कोल सरपंच, सचिव सुनीता वैश्य, विवेक मिश्रा, रोहित गुप्ता,खड्डा ,भमरहा के सचिव उपस्थित थे ।

## चालू वर्ष के प्रकरणों में बैंकर्स प्रगति लाएंः कलेक्टर

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में डीएलसीसी की बैठक कलेक्टर सभागार में संपन्न हुई । कलेक्टर ने स्व रोजगार मूलक योजनाओं का संचालन करने वाले विभाग जिला उद्योग केंद्र, पशु पालन, जन जातीय कार्य विभाग, उद्यानिकी विभाग, मत्स्य पालन विभाग , जन जातीय कार्य विभाग, ग्रामीण आजीविका मिशन, शहरी आजीविका मिशन सहित विभिन्न विभागों व्दारा विगत वित्तीय वर्ष में बैंको में भेजे गये प्रकरणों , उनकी स्वीकृति तथा वितरण की समीक्षा की गई । कलेक्टर ने निर्देश दिए कि 15 दिवस के भीतर सभी स्वीकृत प्रकरणों में वितरण की कार्यवाही तथा आगामी वर्ष के लक्ष्य के अनुरूप बैंकों में भेजे गये प्रकरणों के स्वीकृति की कार्यवाही की जाए । सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि बिना पर्याप्त कारण के बैंकर्स प्रकरण वापस नही करें । जिन प्रकरणों में छोटी मोटी कमियां है , संबंधित विभाग के अधिकारी को सूचित कर उन्हें पूरा कराएं । संबंधित अधिकारी नियमित रूप से बैंक शाखाओ का भ्रमण करें तथा भेजे गये प्रकरणों में स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही सुनिश्चित कराएं । बैंकों में हितग्राहियों को ले जाकर प्रक्रिया पूरी कराएं । बैंकर्स ध्यान रखे कि हितग्राहियों को बार-बार बैंक शाखाओ के चक्कर नही लगाना पडे ।



### 400 किलो महुआ लाहन के साथ 9 आरोपी गिरफ्तार

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के निर्देशन में आबकारी विभाग ने कार्यवाही करते हुए 9 अलग-अलग स्थानों में लगभग 400 किलो महुआ लाहन के साथ 35 लीटर देशी शराब को जब्त किया है। दरअसल आबकारी विभाग को मुखबिर सूचना मिली थी कि चंदिया पतरेई अखड़ार चाँदपुर मे महुआ लहान के माध्यम से जहरीली देशी शराब बनाई जा रही है, जिसके बाद आबकारी विभाग हरकत में आया और चंदिया थाना अंतर्गत 9 अलग अलग स्थानों पर कार्यवाही करते हुए 400 किलो महुआ लाहन के साथ 35 लीटर अवैध देशी शराब को जप्त करने के साथ 9 आरोपियों को पकडने मे सफलता हासिल की है, जिन पर आबकारी एक्ट के तहत मामला कायम किया गया है।



## टिकुरी 32 में जमीन विवाद पर पुलिस हस्तक्षेप

**रीवा।** जिले के गढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम टिकुरी 32 में 12 जून को आम ग्रामीणों एवं पुलिस के मध्य हुई तथाकथित घटना की न्यायिक और उच्च स्तरीय जांच कराये जाने के सम्बंध में सोमवार को पुलिस अधिक्षक कार्यालय पहुंच कर बसपा के कार्यकर्ताओं द्वारा ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन सौंपते हुए कार्यकर्ताओं ने बताया कि दिनांक 12 जून को ग्राम टिकुरी 32 में दो कुशवाहा परिवारों के बीच जमीन सम्बंधी विवाद था, उक्त ग्राम पंचायत के सरपंच महेश अम्बेडकर एवं उनके साथ में गांव के सूर्यभान जायसवाल कुशवाहा परिवारों के बुलावे पर समझौता कराने गये थे। इसी बीच किसी व्यक्ति के बुलावे पर थाना गढ़ के पुलिस कर्मी गंगा सिंह एवं अभिषेक पाण्डेय सहित अन्य पुलिस कर्मी भी पहुंच गए, बाद में थाना प्रभारी थाना गढ़ विकास कपीश भी घटनास्थल पर पहुंच गये। इसी बीच दोनों कुशवाहा परिवारों के मध्य वाद विवाद होने लगा, वहीं पर उपस्थित सरपंच महेश अम्बेडकर एवं सूर्यभान जायसवाल बीच बचाव करने लगे तब थाना प्रभारी विकास कपीश महेश अम्बेडकर के साथ गाली गुप्ता करते हुये बंद करने की धमकी दी गयी तो महेश अम्बेडकर उन्हें गाली देने से मना किया और बताया कि मै इस गांव का सरपंच हूँ, दोनों परिवारों के बीच समझौता कराने आया हूँ लेकिन थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिस कर्मी सुनने को तैयार नहीं हुये और महेश अम्बेडकर के साथ लात, घूसों से मारपीट करने लगे। बीच बचाव करने गये सूर्यभान जायसवाल के साथ भी मारपीट किये।

## सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण करें

# सभी अधिकारी पौधरोपण अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं - कलेक्टर

**रीवा।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि जिले भर में 30 जुलाई तक वृक्षारोपण का महाअभियान चलाया जा रहा है। सभी अधिकारी इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं। जिन कार्यालय परिसरों में भूमि उपलब्ध है वहाँ समारोहपूर्वक पौधे रोपित कर उनकी सुरक्षा के उचित प्रबंध करें। जिला शिक्षा अधिकारी सभी विद्यालय परिसरों में पौधे रोपित कराएं। अपर संचालक उच्च शिक्षा कालेज परिसरों में पौधे रोपित कराकर शिक्षा वन का विकास कराएं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सभी ग्राम पंचायतों में उपयुक्त स्थलों पर पौधे रोपित कराना सुनिश्चित करें। पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण अनिवार्य है। हर व्यक्ति को पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों में भागीदारी निभानी होगी।

कलेक्टर ने कहा कि उप संचालक कृषि किसानों के लिए खरीफ फसल के बीज तथा खाद तथा वितरण सुनिश्चित कराएं। जिले को नियमित रूप से खाद की रैक प्राप्त हो रही हैं। सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को खाद और बीज का वितरण कराएं। खाद के वितरण और उपलब्धता की हर सप्ताह रिपोर्ट प्रस्तुत करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सभी ग्राम पंचायतों में पर्याप्त मात्रा में दवाएं उपलब्ध कराएं। वर्षा जनित रोगों से बचाव की भी व्यवस्था सुनिश्चित करें। कार्यपालन यंत्री पीएचई ग्राम पंचायतों के सहयोग से सभी हैण्डपंपों तथा अन्य जल स्त्रोतों में क्लोरीन की दवा डालकर उनका शुद्धिकरण कराएं। जो हैण्डपंप गर्मियों में जल स्तर नीचे जाने से बंद हो गए उन सभी में ग्राम पंचायतों के सहयोग से रिचार्ज सिस्टम लगाएं जिससे वर्षा का जल संचित हो सके। इस कार्य को सात दिवस में पूरा करना सुनिश्चित करें। सभी एसडीएम छात्रावासों तथा स्कूलों का निरीक्षण करके उनमें पेयजल एवं खाद्य सामग्री की गुणवत्ता की निगरानी करें। संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय वृद्धाश्रमों में दी जाने वाली खाद्य सामग्री की जाँच कराकर उनकी गुणवत्ता सुनिश्चित करें। एसडीएम अपने क्षेत्र में लगातार तथा भारी वर्षा होने पर बाढ़ संभावित क्षेत्रों की सतत निगरानी रखें। बाढ़ से राहत और बचाव के लिए आवश्यक उपकरणों जैसे नाव, रस्सा, जेसीबी मशीन, टार्च आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कर लें।



कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण कराएं जिससे रैंकिंग में सुधार हो। जून माह में प्राप्त शिकायतों तथा 50 दिन से अधिक समय से लंबित शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करें। कार्यपालन यंत्री पीएचई हैण्डपंप सुधार से संबंधित 1050 शिकायतों का सात दिवस में निराकरण कराएं। जिला प्रबंधक जल निगम कंदैला नलजल योजना से जुड़ी 119 शिकायतों का तीन दिवस में निराकरण कराएं। नलजल योजनाओं के संचालन तथा संधारण के संबंध में ग्राम पंचायतों के सहयोग से व्यवस्था सुनिश्चित करें। खाद्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, श्रम विभाग, वित्त विभाग, जल संसाधन विभाग, ऊर्जा विभाग तथा नगर निगम में भी बड़ी संख्या में सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें लंबित हैं। इनका तत्परता से निराकरण करें। कलेक्टर ने कहा कि जिला परिवहन अधिकारी स्कूल बसों की सतत निगरानी करके उनमें शासन द्वारा निर्धारित किए गए सुरक्षा मापदण्डों का पालन सुनिश्चित कराएं। स्कूल बसों के विरूद्ध की जा रही कार्यवाही का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जननी सुरक्षा योजना तथा प्रसूति सहायता योजना की सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित करें। साथ ही जिले भर में चलाए जा रहे दस्तक अभियान की मॉनीटरिंग कर शिशुओं का सम्पूर्ण टीकाकरण शत-प्रतिशत कराएं। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे, एडीएम श्रीमती सपना त्रिपाठी, सभी एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर श्रेयश गोखले तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## महाविद्यालय में बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर आनलाइन वर्कशॉप आयोजित



**रीवा।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय शहीद केदारनाथ महाविद्यालय मऊगंज में 8 जुलाई 2024 को बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर ऑनलाइन वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वर्कशॉप की शुरुआत प्राचार्य डॉ सोमदत्त पांडेय के उद्बोधन के साथ हुई। विषय प्रवर्तन वर्कशॉप के संयोजक डॉ प्रकाश चंद्र पटेल ने किया । वक्ताओं का संक्षिप्त परिचय डॉ अनवर खान के द्वारा दिया गया। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ स्मिता श्रीवास्तव सहायक प्राध्यापक विधि विभाग इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रयागराज ने कॉपीराइट, पेटेंट, ट्रेडमार्क, ट्रेड सीक्रेट, इंडस्ट्रियल डिजाइन, ज्योग्राफिकल इंडिकेशन आदि विषयों पर गहराई से प्रकाश डाला। दूसरे वक्ता डॉ दिग्विजय सिंह सहायक प्राध्यापक केंद्रीय विश्वविद्यालय दक्षिण बिहार गया ने अपने उद्बोधन में पेटेंट के विभिन्न प्रकारों जैसे यूटिलिटी पेटेंट्स, डिजाइन पेटेंट्स, प्लांट पेटेंट्स आदि विषय पर छात्र-छात्राओं एवं श्रोताओं का ज्ञानवर्धन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ विवेक कुमार पटेल, डॉ भजन राम मौर्य, डॉ बृजकांत साकेत, डॉ सतीश मिश्रा, डॉ संतोष कुमार तिवारी, डॉ के. के. विश्वकर्मा, डॉ आशीष पांडेय एवं महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। वर्कशॉप के आयोजन में महाविद्यालय के आई.क्यू.ए.सी. प्रभारी डॉ नारायण पांडेय का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ अवनीश सिंह के द्वारा किया गया।

## जिले में उपलब्ध है 15866 टन यूरिया तथा 5940 टन डीएपी

**रीवा।** आगामी खरीफ फसल के लिए सहकारी समितियों तथा निजी विक्रेताओं के माध्यम से किसानों को खाद की आपूर्ति की जा रही है। सहकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने इस संबंध में बताया कि जिले में वर्तमान में 15866.28 टन यूरिया तथा 5940.90 टन डीएपी उपलब्ध है। इसके साथ-साथ 3276.75 टन एनपीके, 41.75 टन एमओपी तथा 5292.40 टन सिंगल सुपर फास्फेट भण्डारित है। अब तक किसानों को 8667.52 टन यूरिया, 6390.93 टन डीएपी, 596.15 टन एनपीके, 11.70 टन एमओपी तथा 1610.88 टन सिंगल सुपर फास्फेट का वितरण किया जा चुका है। किसानों ने गत माह पर्याप्त मात्रा में खाद का अग्रिम उठाव किया। जिले में खाद की नियमित आपूर्ति की जा रही है। आगामी एक माह तक जिले को नियमित रूप से खाद के रैक प्राप्त होंगे। खरीफ फसल में कुल 58 हजार 500 टन खाद के उपयोग का अनुमान है।

# जिले में 266210 हेक्टेयर में होगी धान की खेती

**जिले में इस वर्ष 364170 हेक्टेयर में होगी खरीफ की बोनी**

**रीवा** जिले भर में किसान खरीफ की फसल के लिए जोर-शोर से तैयारी कर रहे हैं। धान की रोपाई के लिए उसकी नर्सरी तैयार कर ली गई है। किसानों को तेज वर्षा का इंतजार है। खेतों में पर्याप्त पानी आने के बाद धान की रोपाई का कार्य शुरू हो जाएगा। वर्ष 2024 में जिले में कुल तीन लाख 64 हजार 170 हेक्टेयर क्षेत्र में बोनी का लक्ष्य रखा गया है।

इसमें सर्वाधिक दो लाख 66 हजार 210 हेक्टेयर में धान की बोनी होगी। जिले में 3940 हेक्टेयर में ज्वार, 1100 हेक्टेयर में मक्का, 1380 हेक्टेयर में बाजरा की बोनी का लक्ष्य रखा गया है। इस संबंध में उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने बताया कि मिलेट मिशन के तहत श्री अन्न यानी मोटे अनाजों की खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। गत वर्ष कोदौ के क्षेत्र में अच्छी वृद्धि हुई। इस वर्ष 5350 हेक्टेयर में कोदौ की खेती का अनुमान है। जिले में इस वर्ष 21450 हेक्टेयर में अरहर, 20400 हेक्टेयर में मूंग, 27730 हेक्टेयर में उड़द तथा 15650 हेक्टेयर में तिल की बोनी का लक्ष्य रखा गया है। सोयाबीन में अभी भी किसान रूचि नहीं दिखा रहे हैं। लगभग 960 हेक्टेयर में सोयाबीन की बोनी का अनुमान है।

उप संचालक ने बताया कि जिले में खरीफ की मुख्य फसल धान है। जिले में एक लाख 75 हजार 500 हेक्टेयर में धान रोपा विधि से लगाई जाएगी। शेष क्षेत्र में परंपरागत पद्धति से धान की खेती होगी। जिले में पर्याप्त वर्षा न होने के कारण अभी धान की बोनी शुरू नहीं हुई है। जिन क्षेत्रों में अच्छी वर्षा हो गई है वहाँ कोदौ, अरहर, उड़द, मक्का, ज्वार आदि की बोनी की जा रही है। अब तक लगभग 18 हजार हेक्टेयर में बोनी हो चुकी है। धान की बोनी शुरू होने पर क्षेत्राच्छादन में तेजी से वृद्धि होगी। जिले में वर्ममान में यूरिया, डीएपी, सिंगल सुपर फास्फेट खादों का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। खाद की रैक जिले को लगातार प्राप्त हो रही हैं।

### पुलिस अधीक्षक के वाहन से मृतक को चार लाख रूपये देने की घोषणा

# जिला पुलिस कप्तान के वाहन की ठोकर से एक युवक की मौत, दूसरा घायल पुलिस कर रही घटना की जांच

अनूपपुर







सोमवार की सुबह अनूपपुर-अमरकंटक मुख्य मार्ग के मध्य बैरीबांध गांव के समीप अनूपपुर से अमरकंटक इंटर स्टेट बार्डर मीटिंग में जा रहे पुलिस अधीक्षक अनूपपुर जितेंद्र सिंह पवार की कार से राजेन्द्रग्राम से अनूपपुर की ओर आ रहे मोटरसाइकिल से टक्कर होने पर एक युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई वहीं मोटरसाइकिल में सवार एक अन्य युवक तथा कार चालक के घायल होने पर जिला चिकित्सालय में उपचार हेतु भर्ती किया गया। प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कालेज शहडोल भेज दिया गया, वही दो दिनों के मध्य कार दुर्घटना के अलावा करंट लगने, बाथरूम में गिरने एवं अज्ञात कारण से दो पुरुष एवं दो महिलाओं की मौत होने की घटना पर पुलिस जांच में जुटी हुई है। एसपी की कार से दुर्घटना से युवक की मौत होने पर संभाग के वरिष्ठ अधिकारी ने भी घटना स्थल एवं जिला चिकित्सालय पहुंचकर घटना के संबंध में बारीकी से निरीक्षण किया।

## सड़क दुर्घटना मे एक की मौत, दूसरा घायल

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह अनूपपुर पुलिस अधीक्षक जितेंद्र सिंह पवार विभागीय कार से अमरकंटक में आयोजित एक बैठक में सम्मिलित होने जा रहे थे तभी अनूपपुर-अमरकंटक मुख्य मार्ग के मध्य जिला मुख्यालय से 4 किलोमीटर दूर स्थित बैरीबांध गांव के पास राजेंद्रग्राम से मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 65 एमई 0581 में सवार होकर अनूपपुर की ओर आ रहे दो युवक की कार से जबरदस्त टक्कर हो गई जिससे 34 वर्षीय युवक बहोरन सिंह पिता चरनू सिंह निवासी ग्राम पड़री थाना राजेंद्रग्राम की शरीर में कई स्थानों पर गंभीर चोट आने पर स्थल पर ही मौत हो गयी वही एक अन्य युवक सतीष कुमार धुर्वे के साथ कार चालक रमेश चंद्र को गंभीर चोट आने पर उपचार हेतु जिला चिकित्सालय अनूपपुर में भर्ती कराया गया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए अस्पताल परिसर पुलिस छावनी के रूप में परिवर्तित हो गया। घटना की जानकारी पर एडीजीपी शहडोल डीसी सागर, उप पुलिस महानिरीक्षक सुश्री सविता सोहाने, वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी शहडोल आरसी अहिरवार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी ने घटना स्थल एवं जिला चिकित्सालय पहुंचकर घटना के संबंध में जानकारी लेते हुए कार्यवाही के निर्देश दिए।

## पुलिस अधीक्षक वाहन के चालक पर अपराध पंजीबद्ध

थाना कोतवाली अनूपपुर मे मोटर सायकिल सवार घायल सतीष कुमार धुर्वे की रिपोर्ट पर पुलिस शासकीय वाहन इनोवा क्रमांक एमपी 65 जेडए 5346 के चालक रमेश चंद दुबे पर अपराध क्रमांक 341/24 धारा 281, 125(ए), 106(1) भारतीय न्याय संहिता पंजीबद्ध किया जाकर शासकीय वाहन जप्त किया गया। वाहन दुर्घटना मे मृत बहोरन सिंह पाटले के अंतिम संस्कार हेतु प्रशासन की ओर से तत्काल सहायता राशि 15 हजार रूपये प्रदान की गई है साथ ही मृतक के परिजनों को मुख्यमंत्री मप्र शासन योजना अंतर्गत चार लाख रूपये की अनुदान राशि देने की घोषणा की गई है।

## पुलिस अधीक्षक ने स्वयं दी जानकारी

उक्त मामले में पुलिस अधीक्षक जितेंद्र सिंह पवार ने मीडिया कर्मियों को घटना के संबंध में जानकारी दी कि सुबह वे अमरकंटक विशेष कार्य से जा रहे थे। जहां बैरीबांध के पास एक बाइक सवार अत्यधिक स्पीड में एक हाइवा को ओव्हरटेक करके सीधे उनके वाहन की तरफ आकर टकरा गया। चूंकि सड़क डबल लेन है मगर ओव्हर टेकिंग के कारण अचानक उनके वाहन के सामने आने से उनका वाहन चालक कार्यवाहक प्रधान आरक्षक रमेश चन्द्र दुबे ने बाइक सवार को बचाने का बहुत प्रयास किया। फिर भी बाइक सवार ड्राइवर साइड टकरा गया व उसकी मौके पर मौत हो गयी वही एक युवक घायल हो गया। उक्त घटना में आरक्षक वाहन चालक रमेश चन्द्र दुबे के सीने में भी काफी चोट आई है जिसका इलाज भी अस्पताल में चल रहा है। दुर्घटना के बाद 108 की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। चूंकि दुर्घटना के बाद वाहन चलने की स्थिति में नही था। पुलिस अधीक्षक के वाहन को टोचन कर कोतवाली मे लाकर खड़ा किया गया। उक्त घटना में जो भी नियमानुसार कार्यवाही होगी वह की जाएगी।

## अन्य घटना मे तीन की मौत

इसके पूर्व रविवार की दोपहर रेलवे स्टेशन चौराहा अनूपपुर में जिले के बिजुरी थाना अंतर्गत ग्राम भगता निवासी 45 वर्षीय युवक सुरेश तिवारी पिता स्व. मेवाराम तिवारी जो अपनी बहन के यहां ग्राम परसवार जाकर घर जाने के लिए वापस अनूपपुर आये थे जिनकी अचानक तबीयत बिगड़ने पर रेलवे चौराहे में बेहोश हो गये जिन्हे आस-पड़ोस के नागरिकों एवं दुकानदारों द्वारा जिला चिकित्सालय के एंबुलेंस को सूचना देकर जिला चिकित्सालय भेजा जहां पहुंचते ही युवक की मौत हो गई। इसी तरह चचाई थाना अंतर्गत केल्हौरी गांव निवासी 51 वर्षीय गंगीबाई चौरसिया जो पेड़ में चढ़कर डगाल काट रही थी उसी समय समीप से गुजरी बिजली तार के करंट के चपेट में आने पर मृत हो गई जबकि सोमवार की सुबह चचाई नगर में 36 वर्षीय महिला ज्योति तिवारी पति रावेद्र तिवारी घर के बाथरूम में अचानक गिरने से जिला चिकित्सालय पहुंचने के पूर्व मृत हो गई। चारो घटनाओं पर जिला अस्पताल पुलिस तथा चचाई थाना पुलिस मृतको के शवो का परिजनों की उपस्थिति में पंचनामा एवं गवाहों की गवाही लेने हुए ड्यूटी डॉक्टर से शवो का परीक्षण कराकर अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौंप कर जांच में जुटी है।



## 23 दिनों से निरंतर ताण्डव कर रहे दो हाथी, ग्रामीणों में बढ़ रहा आक्रोश

**अनूपपुर**। 23 दिन पूर्व छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा से मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले में पांच हाथियों के समूह से बिछड़े दो प्रवासी हाथी निरंतर विचरण कर रहे हैं जो दिनों में जंगलों में ठहरने बाद शाम/रात होते ही अनूपपुर-जैतहरी वन परिक्षेत्रो,थाना क्षेत्रों के जंगलों से लगे ग्रामीण अंचलों में ग्रामीणों के खेतों, घरों एवं वांडियों में लगे, रखे विभिन्न तरह के फसलों को अपना आहार बना रहे हैं जिसके कारण एक ओर हाथी प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीण परेशान है वहीं जिला प्रशासन एवं वनविभाग के द्वारा अब तक अपनाए गए सभी तरह के प्रयोग असफल होने से कोई कारगर सफलता प्राप्त नहीं हो सकी है। हाथियों का समूह वापस जाने का नाम ही नहीं ले रहा है जिन्हें वापस किए जाने का अब कोई उपाय तात्कालिक रूप में प्रशासन एवं वनविभाग के साथ ग्रामीणों को नहीं सूझ रहा है। हाथियों के द्वारा किए जा रहे निरंतर नुकसान के कारण ग्रामीणों में भय तथा हाथियों के आतंक के साथ अब आक्रोश की स्थिति बनती जा रही है जो प्रशासन एवं वनविभाग के किसी भी बात को तब तक मानने को तैयार नहीं है जब तक हाथी जिला छोड़कर वापस नहीं चले जाते हैं। विगत चार दिनों के मध्य दोनों हाथियों ने दिन में गोबरी, बांका, केकरपानी, राजामचान, लखनपुर के जंगलों में दिन में विश्राम करने बाद देर शाम आसपास के ग्रामों में विचरण करते हुए कुछ ग्रामीणों के घरों को ओर देर रात अचानक पहुंचकर घर के अंदर रखे सामग्रियों सहित खेतों एवं बाड़ियों में लगी फसलों को भी नुकसान पहुंचाया है। हाथियों के विचरण पर जिला प्रशासन, वनविभाग के साथ पुलिस विभाग भी निरंतर नजर बनाए रखे हुए हैं तथा ग्रामीणों को सचेत रहने, हाथियों से दूरी बनाए रखने जैसे सलाह दी जा रही है वहीं हाथी विचरण क्षेत्र के 15 किलोमीटर की परिधि के ग्रामीण हाथियों के अचानक आ ना जाए इस डर से रात-रात भर जागरण करने को मजबूर हो रहे हैं। जिला प्रशासन एवं वन विभाग के अधिकारियों के निर्देश पर संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच, पटवारी एवं वनरक्षक द्वारा एक दिन हाथियों द्वारा किए जा रहे नुकसान का सर्वेक्षण पर राहत राशि हेतु प्रकरण तैयार किया जा रहा है।

# लक्षित पौधरोपण का कार्य 15 जुलाई तक पूर्ण करने कलेक्टर के निर्देश



**अनूपपुर**। जिले के लक्षित पौधरोपण कार्य में सभी विभाग जिन्होंने स्वयं से लक्ष्य लिया है, वह पौधरोपण कर निर्धारित लक्ष्य की समय पर पूर्ति सुनिश्चित करें। आगामी 15 जुलाई तक शत-प्रतिशत पौधरोपण हो जाए, यह सुनिश्चित किया जाए। पौधरोपण के लिए विभागीय अधिकारी योजना बनाकर कार्य करें। पौधरोपण जहां भी किया जाए, वहां पौधों की सुरक्षा तथा जल आदि की व्यवस्था रहे। उक्ताशय के निर्देश कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में समयावधि बैठक में कार्यों की समीक्षा करते हुए दिए। बैठक में अपर कलेक्टर अमन वैष्णव, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, संयुक्त कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, अनुविभागीय दण्डाधिकारी अनूपपुर श्रीमती दीपशिखा भगत, अनुविभागीय दण्डाधिकारी पुष्पराजगढ़ सुधाकर सिंह बघेल सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने पौधरोपण के लिए जिले की शासकीय नर्सरी से पौधे क्रय करने तथा समय पर भुगतान के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों को प्लानिंग कर यथा बाउण्ड्रीवाल युक्त सुरक्षित स्थान पर पौधरोपण कराए जाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि नगरीय निकायों को शासन स्तर से लक्ष्य प्राप्त हुए हैं, जिसके अनुरूप समय-सीमा में पौधरोपण कराए जांए।

## सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों हो निराकरण

कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने समयावधि पत्रों की समीक्षा के दौरान सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करने तथा आगामी 20 तारीख के पूर्व शिकायतों का निराकरण संतुष्टि पूर्वक करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों की पेन्डेंसी से जिले की सीएम हेल्पलाईन की रैंकिंग प्रभावित होती है। उन्होंने कहा कि जिन विभागों के सीएम हेल्पलाईन की संख्या ज्यादा है, उन्हें विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने शिकायतों के फोर्स क्लोज के संबंध में भी समय पर कार्यवाही के दिशानिर्देश दिए।

## जलजनित बीमारियों से कोई प्रभावित न हो

टीएल बैठक में कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री को जलजनित रोगों से ग्रामीण क्षेत्रों में किसी तरह की बीमारी न फैले इस हेतु दवाईयों के छिड़काव (क्लोरीनिकेशन) के संबंध में निर्देश दिए। जिस पर कार्यपालन यंत्री ने अवगत कराया कि सभी ग्रामीण क्षेत्रों के जल स्त्रोतों में दवाईयों का छिड़काव कराया गया है। कहीं भी दूषित जल संबंधी कोई शिकायत नही पाई गई है। जिस पर कलेक्टर ने वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए मैदानी स्तर तक के अमले को एलर्ट रहकर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

## बस स्टैण्ड निर्माण के लिए दो दिन में प्रस्तुत होगा डीपीआर

नगरीय निकाय अनूपपुर अंतर्गत बस स्टैण्ड निर्माण के संबंध में डीपीआर आगामी दो दिवस में प्रस्तुत किया जाएगा। उक्ताशय की जानकारी नपा अनूपपुर की प्रभारी सीएमओ ने कलेक्टर को समयावधि पत्र का जवाब में अवगत कराते हुए दी।

## दस्तक अभियान की करें अन्तरविभागीय मॉनीटरिंग

25 जून से 27 अगस्त तक संचालित दस्तक अभियान के अंतर्गत बीमार, नवजात, बच्चों की पहचान, प्रबंधन एवं रेफरल प्रकरणों की मॉनीटरिंग के संबंध में कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के समन्वय से दस्तक अभियान के निर्धारित पैरामीटर के अंतर्गत कार्यों को अधिकारी भ्रमण के दौरान देखें तथा घरो में जाकर अभियान के अंतर्गत की गई जांच आदि कार्यों के संबंध में जानकारी लें। उन्होंने स्टॉप डायरिया अभियान के अंतर्गत तीन चरणों में आयोजित की जाने वाले गतिविधियों के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन के संबंध में अन्तरविभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर ने जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत लंबित अनुकम्पा नियुक्ति प्रकरणों के निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि 16 जुलाई तक सभी लंबित अनुकम्पा नियुक्ति प्रकरणों पर समुचित कार्यवाही की जाए, ताकि इसी माह पात्र लोगों को अनुकम्पा नियुक्ति प्राप्त हो सके।

# अग्रवाल महिला मंडल द्वारा आयोजित किया गया रामायण विश्राम कार्यक्रम



**अनूपपुर**। अग्रवाल महिला मंडल अनूपपुर विगत 2 वर्ष से स्वजातीय बहनों के साथ धर्म प्रचार एवं समाज कल्याण हेतु प्रतिमाह रामायण का आयोजन किया जाता है जिसका पूर्ण विश्राम गोविंदम होटल के बगल में स्थित शिव मंदिर में किया गया जहां महिलाओं द्वारा विधिवत मानस विश्राम के बाद हवन, पूजन, भजन आदि का कार्यक्रम किया गया। पूर्णाहूती के पश्चात अनेक दीप मालिकाओं के साथ भव्य महा आरती की गई। इसके बाद प्रसाद वितरण कर पुनः रामायण की शुरूआत भी की गई, जिसमे संपूर्ण समाज की महिलाओं ने भाग लिया। अग्रवाल महिला मंडल अनेक सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करता है। कार्यक्रम में महिला मंडल की अध्यक्ष राजकुमारी अग्रवाल, उपाध्यक्ष आशा अग्रवाल, सचिव मीना अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पुष्पा अग्रवाल एवं अन्य सभी समाज की महिलाओ ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## जिले में 4.7 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

**अनूपपुर**। अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 4.7 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वर्षा मापी केन्द्र अनूपपुर में 2.8, जैतहरी में 2, पुष्पराजगढ़ में 28.6, अमरकंटक में 1.2 तथा बेनीबारी में 3.2 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई। वषार्मापी केन्द्र कोतमा, बिजुरी तथा वेंकटनगर में वर्षा निरंक दर्ज की गई।

# वन भूमि से संबंधित लंबित प्रकरणों का जनहित में निराकरण आवश्यक-कलेक्टर



**अनूपपुर**। समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक के पश्चात वन विभाग अंतर्गत जिले के विभिन्न विभागों के अधोसंरचना कार्यों में वन भूमि से संबंधित लंबित प्रकरणों के निराकरण संबंधी कार्यों की समीक्षा कलेक्टर आशीष वशिष्ठ द्वारा की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, नवागत एसडीओ वन अनूपपुर सहित सर्व संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क क्रियान्वयन इकाई अनूपपुर से संबंधित 5 प्रकरणों, ऊर्जा विभाग से संबंधित 14 प्रकरणों, जनपद कोतमा तथा नगरीय निकाय अमरकंटक के एक-एक प्रकरण सहित कुल लंबित 28 कार्यों की अद्यतन प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने वन विभाग के अधिकारियों को वन भूमि संबंधी कार्यवाही का निराकरण शीघ्र किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वन भूमि से संबंधित प्रकरणों के निराकरण से जनहित के अधोसंरचनाओं के लंबित कार्यों की पूर्णता संभव हो सकेगी। जिससे जनहित के कार्य परिलक्षित हो सकेंगे। उन्होंने लंबित प्रकरणों के संबंध में आवश?यक दिशानिर्देश दिए। बैठक में लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, पीआईयू, जनजातीय कार्य विभाग, ऊर्जा विभाग के अधिकारियों ने वन भूमि से संबंधित लंबित प्रकरणों के अद्यतन स्थिति की जानकारी दी।

## कल होगी जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक

**अनूपपुर**। 15 वें वित्त आयोग अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 की वार्षिक कार्ययोजना (डीपीडीपी) के अनुमोदन हेतु जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक कल 10 जुलाई को दोपहर 12 बजे से जिला पंचायत सभागार अनूपपुर में आयोजित की गई है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने बताया है कि बैठक में 9 एजेन्डा बिन्दुओं पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने सर्व संबंधितों से बैठक में उपस्थिति की अपील की है।

# वसूली पर तहसीलदार अनुपम पाण्डेय को किया सम्मानित



**अनूपपुर**। पुष्पराजगढ़ तहसील अंतर्गत बैंकर्स द्वारा हितग्राहियों को प्रदाय ऋण की समय पर अदायगी नही किए जाने पर बैंकों के माध्यम से ऑनलाईन आरसीसी जारी कर बकायादारों से तत्कालीन तहसीलदार पुष्पराजगढ़ अनुपम पाण्डेय द्वारा 7 लाख 50 हजार 768 रुपये की वसूली किए जाने पर आरआरसी वसूली के एक प्रतिशत की राशि 7200 रुपये तहसीलदार अनुपम पाण्डेय को कलेक्टर आशीष वशिष्ठ द्वारा चेक के माध्यम से प्रदान कर सम्मानित किया गया। कलेक्टर ने जिले के अन्य तहसील अंतर्गत बैंकों के बकाया राशि राजस्व वसूली, कॉपरेटिव के बकायादारों से राजस्व वसूली किए जाने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए हैं। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अमन वैष्णव, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, संयुक्त कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, अनुविभागीय दण्डाधिकारी अनूपपुर श्रीमती दीपशिखा भगत, अनुविभागीय दण्डाधिकारी पुष्पराजगढ़ सुधाकर सिंह बघेल सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण कार्यों की दिन-प्रतिदिन मॉनीटरिंग के निर्देश जनहित प्रभावित होने पर जिम्मेदारी तय कर कार्यवाही की चेतावनी



**अनूपपुर**। जिला मुख्यालय अनूपपुर स्थित निमार्णाधीन रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण कार्यों की गति धीमी होने पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा है कि समय-सीमा में कार्य नही होने से जनहित प्रभावित हो रहा है। कलेक्टर ने रेलवे ओवर ब्रिज के संबंध में रेलवे एवं सेतु निगम के अधिकारियों की आयोजित बैठक में उक्ताशय के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर अमन वैष्णव, संयुक्त कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, रेलवे विभाग के एडीईएन पंकज कुमार, ईओडब्ल्यू अरविंद कुमार तथा सेतु निगम के एसडीओ देवेन्द्र मरकाम सहित ठेकेदार उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने रेलवे के अधिकारियों को समयबद्धता के साथ निर्माण कार्यों को कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य का दिन-प्रतिदिन का कार्यक्रम उपलब्ध कराया जाए, जिससे कार्यों की मॉनीटरिंग सुनिश्चित हो सके। उन्होंने रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण कार्यों में रेलवे ठेकेदारों से मैनपॉवर बढ़ाकर कार्यों को गुणवत्ता के साथ शीघ्रता से किए जाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षात्मक पहलुओं का प्राथमिकता के आधार पर विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने अधिकारियों को टीम वर्क से कार्य करने तथा मौका भ्रमण कर दिन-प्रतिदिन की कार्ययोजना से अवगत कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि रेलवे क्षेत्र का कार्य रेलवे विभाग द्वारा ठेकेदार के माध्यम से कराया जा रहा है, जिसकी विभागीय अधिकारी नियमित मॉनीटरिंग सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कार्य में हीलाहवाली होने पर आवश्यक जुमार्ने के साथ कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण कार्य में अब किसी भी प्रकार की शिथिलता और लापरवाही नही होनी चाहिए, अन्यथा जनहित प्रभावित होने पर जिम्मेदारी तय कर कार्यवाही की जाएगी।